श्री बंशीधर नगर, गुरुवार
03.09.2026
भाद्रपद कृष्णपक्ष सप्तमी संवत 2084
वर्ष : 05, अंक : 16

# बंशीधर न्यूज

कलम है, तो आवाज़ बुलंद है...



**सूर्योदय-सूर्यास्त**
उदय - 05:32 बजे
अस्त - 06:21 बजे

**तापमान**
अधिकतम : 32 डिग्री से.
न्यूनतम : 25 डिग्री से.

डिजिटल अखबार www.banshidharnews.com
कृष्ण की बाल लीलाओं में छिपा भक्ति का संदेश >> पेज 03 अक्षय कुमार की 'सामुक' को मिली फीमेल लीड >> पेज 05

## सुविचार

आपकी कल्पनाशक्ति आपके जीवन के आने वाले आकर्षणों का पूर्वावलोकन है।
-अल्बर्ट आइंस्टीन

## न्यूज अपडेट्स

### तेज धार में बह गई बच्ची, पांच किमी दूर मिला शव

**कोडरमा।** जिले के सतगावां थाना क्षेत्र के कोठियार पंचायत अंतर्गत नावाडीह गांव में बुधवार को बरमसी नदी की तेज धार ने एक बच्ची की जिंदगी छीन ली। नदी में अचानक बढ़े पानी के बहाव की चपेट में आने से तीन वर्षीय माही कुमारी बह गई। काफी खोजबीन के बाद उसका शव घटनास्थल से करीब पांच किलोमीटर दूर नदी की धारा से बरामद किया गया। बताया गया कि सुधीर कुमार राय की पत्नी मधु देवी बुधवार को बर्तन धोने के लिए बरमसी नदी गई थीं। उनके साथ उनकी तीन वर्षीय बेटी माही कुमारी भी थी। इसी दौरान नदी में अचानक पानी का बहाव तेज हो गया और माही उसकी चपेट में आकर बह गई। बच्ची को नदी में बहता देख परिजनों और ग्रामीणों ने तत्काल उसे बचाने का प्रयास किया, लेकिन तेज धार के कारण वे सफल नहीं हो सके। इसके बाद ग्रामीणों ने नदी के किनारे और आसपास के इलाके में बच्ची की तलाश शुरू कर दी। काफी देर तक चले खोज अभियान के बाद ग्रामीणों को घटनास्थल से करीब पांच किलोमीटर दूर नदी की धारा में माही का शव मिला। मासूम का शव मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं पूरे गांव में मातम पसर गया। घटना के बाद से माही की मां सहित अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

**श्री बंशीधर नगर** — कधवन में 230 मुस्लिम मतदाताओं के नाम वोटर लिस्ट से हटाने की कोशिश

# फर्जी फॉर्म 7 भरे जाने से मचा हड़कंप, मतदाताओं में भारी आक्रोश

### निर्वाचन पदाधिकारी सेजांच व दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग

बंशीधर न्यूज



**श्री बंशीधर नगर :** प्रखंड अंतर्गत कधवन गांव में करीब 230 मुस्लिम मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाने को लेकर कथित प्रयास किये जाने का मामला सामने आया है। मामला सामने आने के बाद मतदाताओं में आक्रोश बढ़ गया है। आक्रोशित मतदाताओं ने पंचायत के मुखिया फिरदौस अंसारी के नेतृत्व में बुधवार को अनुमंडल कार्यालय पहुंच कर विरोध जताया तथा निर्वाचन पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी को लिखित आवेदन देकर पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराकर दोषी पाये जाने वालों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई करने की मांग की। यह आरोप किसी और पर नहीं बल्कि भाजपा की ओर से नियुक्त किये गये बुथ लेबल एजेंट (बीएलए) रामविजय सिंह एवं राजू मेहता पर लगा है। हालांकि दोनों एजेंटों ने भी ग्रामीणों के समक्ष फॉर्म 7 भरे जाने की बात स्वीकार की है। निर्वाचन पदाधिकारी सह एसडीओ को दिये आवेदन में ग्रामीणों ने आरोप लगाया गया है कि बूथ संख्या 271, 272 एवं 273 से संबंधित करीब 230 मुस्लिम मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाने के उद्देश्य से फर्जी तरीके से फॉर्म 7 भरकर संबंधित बीएलओ को आगे की प्रक्रिया के लिये फॉर्म सौंपकर बजापते उनसे रिसीविंग करा लिया गया। इसकी भनक लगते ही मतदाताओं के होश उड़ गये।

### जीवित मतदाताओं के नाम सूची से हटाने की कोशिश

एसडीओ को दिये गये शिकायत पत्र में दावा किया गया है कि जिन मतदाताओं के नाम से फॉर्म 7 भरे गये हैं, वे सभी जीवित हैं और वर्तमान में कधवन गांव के निवासी हैं। इसके बावजूद उनके नाम से फर्जी तरीके से फॉर्म 7 भरकर मतदाता सूची से नाम हटाने की प्रक्रिया शुरू करने का प्रयास किया गया। बाद में मतदाताओं ने दोनों एजेंटों को बुलाकर बीएलओ से रिसीव कराये गये फॉर्म 7 की प्रति को भी अपने कब्जे में ले लिया है। शिकायत कर्ताओं का कहना है कि जो फॉर्म 7 भरा गया है वे संबंधित सभी फॉर्म 7 की प्रतियां भी मौजूद हैं।

### दूसरे लोगों द्वारा हस्ताक्षर करने का भी आरोप

एसडीओ को दिये गये आवेदन में ग्रामीणों ने एक और गंभीर आरोप लगाया गया है। ग्रामीणों के अनुसार कई फॉर्म 7 में संबंधित मतदाताओं की ओर से अन्य व्यक्तियों द्वारा स्वयं को आवेदक बताते हुये हस्ताक्षर किये गये हैं, जो फर्जी करने के पुख्ता प्रमाण हैं।

### दो लोगों की भूमिका पर उठाये सवाल

ग्रामीणों ने आवेदन में उपलब्ध दस्तावेजों एवं स्थानीय स्तर पर प्राप्त जानकारी के आधार पर राम विजय सिंह, पिता स्व नगीना सिंह, निवासी भैसबेढ़वा एवं राजू मेहता, पिता घुरन मेहता, निवासी कधवन की भूमिका पर सवाल उठाये हैं। हालांकि दोनों लोगों ने भी फॉर्म 7 भरे जाने एवं बीएलओ से फॉर्म की रिसीविंग कराकर अपने पार्टी के कार्यालय में जमा करने की बात स्वीकार की है।

### शिकायत करने वालों में शामिल लोग

शिकायत करने वालों में मुखिया फिरदोस अंसारी, सफी शेख, वकील अंसारी, कुदुस अंसारी, असलम अंसारी, जफर इकबाल, जब्बार अंसारी, अहमद अंसारी, चंगेज अंसारी, फिरोज आलम, अंजार हुसैन, लाल मोहम्मद अंसारी, मोख्तार अंसारी, हामिद अंसारी, वाहिद साह, नसीम अंसारी, हजरत अली, नजुबुल्लाह अंसारी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों के नाम शामिल हैं।

### क्या कहते हैं एसडीओ

निर्वाचन पदाधिकारी सह एसडीओ प्रभाकर मिर्धा ने कहा कि ग्रामीणों के द्वारा शिकायत प्राप्त हुई है यह गंभीर मामला है, पूरे मामले की जांच कर दोषी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने मतदाताओं को आश्वस्त करते हुये कहा कि मतदाताओं को डरने की जरूरत नहीं है किसी भी मतदाता का नाम बिना कारण के मतदाता सूची से नहीं हटाया जायेगा।

# राममंदिर के पहले सीईओ बने पूर्व एयर मार्शल जीतेंद्र मिश्रा, गोविंद देव गिरि महासचिव

**अयोध्या।** पूर्व एयर मार्शल जीतेंद्र मिश्रा श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के पहले मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) बनाए गए हैं। गोविंद देव गिरि को महासचिव की जिम्मेदारी सौंपी गयी है। वह अभी कोषाध्यक्ष थे। इसके अलावा ट्रस्ट में एक महिला समेत तीन नए सदस्यों को भी शामिल किया गया है। ट्रस्ट की बुधवार को यहां हुई बैठक के बाद इसकी घोषणा की गयी। तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने एक बयान में बताया कि मिश्रा ने ऑपरेशन सिंदूर में पश्चिमी वायु कमान का नेतृत्व किया था। उत्तर प्रदेश के देवरिया जिले के रहने वाले मिश्रा वायुसेना में अपनी 39 साल की सेवा के बाद 30 अप्रैल 2026 को सेवानिवृत्त हुए थे। ट्रस्ट में तीन नए सदस्य भी बनाए गए हैं। इनमें अयोध्या छावनी के निवासी एडवोकेट मदन मोहन पांडेय, दिल्ली के महेश भागचंदका और शिकोहाबाद की रहने वाली डॉ. निर्मला यादव शामिल हैं। निर्मला यादव ट्रस्ट की पहली महिला ट्रस्टी होंगी। भागचंदका को गोविंद देव गिरि के स्थान पर कोषाध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया है। ट्रस्ट के तीन नए सदस्यों में से 74 वर्षीय मदन मोहन पांडेय राम जन्मभूमि के स्वामित्व विवाद मामले में रामलला की ओर से कानूनी पैरवी करने वाली टीम का हिस्सा रहे हैं। इलाहाबाद उच्च न्यायालय और



उच्चतम न्यायालय में राम जन्मभूमि से जुड़े पक्ष की दलीलों में उनकी अहम भूमिका रही। पांडेय उत्तर प्रदेश के छह वर्षों तक अतिरिक्त महाधिवक्ता भी रह चुके हैं। दूसरे सदस्य 68 वर्षीय महेश भागचंदका दिल्ली के कारोबारी हैं। वर्ष 2020 में राम मंदिर के भूमि पूजन और 22 जनवरी 2024 के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में वह यजमान भी रहे थे। स्नातक तक शिक्षा प्राप्त भागचंदका 'हिन्दुत्व के पुरोधा' पुस्तक के लेखक हैं। वर्ल्ड हिंदू इकोनॉमिक फोरम की कार्यकारिणी के सदस्य भागचंदका राम वनगमन यात्रा से जुड़े 292 पवित्र तीर्थस्थलों में श्रीराम स्तम्भ की स्थापना कार्य से भी जुड़े रहे हैं। ट्रस्ट की तीसरी सदस्य 66 वर्षीय डॉ. निर्मला यादव शिकोहाबाद की रहने वाली हैं। वह ट्रस्ट की पहली महिला सदस्य हैं। हिंदी और संस्कृत में परास्नातक डॉ. यादव 19 वर्ष तक महाविद्यालय की प्राचार्य रही हैं। राम मंदिर में चढ़ावा चोरी का मामला सामने आने के बाद दो जुलाई को ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय और ट्रस्टी अनिल मिश्रा ने इस्तीफा दे दिया था। उनके इस्तीफे के बाद रिटायर्ड आईएफएस कृष्ण मोहन को कार्यवाहक महासचिव बनाया गया था। ट्रस्ट ने पिछले दो माह की चुनौतीपूर्ण अवधि में महासचिव पद का कार्यभार सफलतापूर्वक निर्वहन करने के लिए कृष्ण मोहन की सराहना करते हुए उनके प्रति आभार प्रकट किया। ट्रस्ट के मुताबिक बैठक में चढ़ावे की नकद राशि की गणना की प्रक्रिया में मानवीय हस्तक्षेप कम करने के निमित किए जा रहे प्रयासों पर चर्चा हुई। दो बैंकों और आईआईटी से इस संबंध में कुछ प्रस्ताव मिले हैं जिनका मूल्यांकन कर शीघ्र ही तकनीकी सहायता से इस दिशा में प्रगति हो सकेगी। ट्रस्ट ने चयन समिति के सदस्यों- न्यायमूर्ति (सेवानिवृत) प्रमोद कोहली, लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत) विष्णुकांत चतुर्वेदी, सुरेश हावड़े और समिति के सचिव समीर पंडा के प्रति अल्पकाल में साढ़े पांच हजार आवेदनों की जांच और सैकड़ों आवेदकों का साक्षात्कार कर इस कार्य को सम्पन्न करने के लिए आभार व्यक्त किया।

## सीएम हेमंत ने नगर विकास व पथ निर्माण की योजनाओं की समीक्षा की, कहा

# अनावश्यक रोड कट होंगे बंद, बसों के रूट व समय का तैयार होगा डेटा

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने बुधवार को झारखंड मंत्रालय में नगर विकास और पथ निर्माण विभाग की ओर से संचालित कार्यों, योजनाओं एवं परियोजनाओं की समीक्षा की। बैठक में दोनों विभागों के अंतर्गत संचालित विभिन्न विकास योजनाओं की प्रगति, कार्यान्वयन की स्थिति और आगामी कार्ययोजनाओं की विस्तृत जानकारी ली गई। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को सभी योजनाओं का प्रभावी, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने रांची शहर की यातायात व्यवस्था को और अधिक सुचारू और व्यवस्थित बनाने के लिए ठोस कार्ययोजना तैयार करने का निर्देश दिया। उन्होंने शहर में संचालित सभी बसों की संख्या, उनके रूट और समय-सारणी का समुचित डेटा तैयार करने को कहा, ताकि सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को बेहतर ढंग से संचालित किया जा सके और अनावश्यक भीड़ एवं यातायात दबाव को कम किया जा सके। उन्होंने शहर



की सड़कों के बीच बने अनावश्यक कटों को चिन्हित कर उन्हें बंद करने और वाहनों के लिए निर्धारित चौक-चौराहों से ही सुरक्षित टर्निंग की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि अनावश्यक कट के कारण वाहनों की आवाजाही प्रभावित होती है और कई स्थानों पर यातायात व्यवस्था बाधित होती है। ऐसे सभी स्थानों का अध्ययन कर आवश्यक सुधार किया जाए। बैठक में राज्य के रोड नेटवर्क और संचालित कार्यों का ओवरव्यू, पिछले पांच वर्षों में बनाई गई कार्ययोजनाओं एवं भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप सड़क एवं परिवहन व्यवस्था को मजबूत करने के उपायों की समीक्षा की गई। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि शहर के बढ़ते विस्तार और आबादी को ध्यान में रखते हुए दीर्घकालिक एवं समग्र कार्ययोजना तैयार की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि विकास का दायरा केवल रांची शहर तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि राज्य के अन्य प्रमुख शहरों को भी सुनियोजित एवं आधुनिक सुविधाओं से युक्त शहर के रूप में विकसित करने की दिशा में कार्य किया जाए। उन्होंने निर्देश दिया कि शहरों को जोनवार विभाजित कर आबादी और स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप विकास की कार्ययोजना तैयार की जाए। मुख्यमंत्री ने सड़क निर्माण की योजनाओं में जल निकासी की समुचित व्यवस्था को सड़क निर्माण का अभिन्न हिस्सा मानते हुए कार्य करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सड़क के दोनों किनारों पर सुव्यवस्थित और वैज्ञानिक तरीके से ड्रेनेज सिस्टम विकसित किया जाए एवं सड़क तथा ड्रेनेज की पूरी संरचना को एकीकृत रूप से डिजाइन किया जाए। उन्होंने निर्देश दिया कि ड्रेनेज सिस्टम को सड़क की संरचना के अनुरूप पर्याप्त चौड़ाई एवं आवश्यक स्थान उपलब्ध कराया जाए, ताकि भविष्य में सड़क के किनारे अनियोजित निर्माण अथवा अतिक्रमण की स्थिति उत्पन्न न हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि सड़क के दोनों किनारों पर ड्रेनेज एवं पैदल आवागमन सहित आवश्यक सुविधाओं के लिए पर्याप्त स्थान का प्रावधान किया जाए। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण के दौरान भविष्य की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए पर्याप्त जगह का प्रावधान किया जाना आवश्यक है।

# झारखंड में सामान्य के करीब पहुंची मानसूनी बारिश, अगले दिनों में भारी बारिश से मिलेगी राहत



**रांची।** झारखंड में इस मानसून सीजन के दौरान बारिश अब सामान्य के करीब पहुंच गई है। मौसम विभाग के अनुसार, 1 जून से 2 सितंबर तक राज्य में 815.6 मिलीमीटर के सामान्य औसत के मुकाबले 818.4 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई है। इस तरह राज्य में अब तक करीब सामान्य बारिश हुई है। वहीं, झारखंड के ऊपर बना निम्न दबाव का क्षेत्र मध्य प्रदेश की ओर बढ़ गया है, जिससे आने वाले दिनों में राज्य में भारी बारिश की गतिविधियों में कमी आने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार, पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य में सबसे अधिक 220 मिलीमीटर बारिश रांची के कांके में दर्ज की गई। राजधानी रांची में 40.1 मिलीमीटर और बोकारो में 53.4 मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गई। इस दौरान राज्य के कई अन्य हिस्सों में भी भारी बारिश हुई। नाला में 202.6 मिलीमीटर, जामताड़ा में 136.8 मिलीमीटर, तिलैया डीवीसी में 128.4 मिलीमीटर, तिलैया में 118 मिलीमीटर, फतेहपुर में 110.4 मिलीमीटर, करमाटांड़ में 107.2 मिलीमीटर और नारायणपुर में 100.6 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। इसके अलावा बगोदर में 94.6 मिलीमीटर, नीमडीह में 91.2 मिलीमीटर, भुरकुंडा में 91 मिलीमीटर, गिरिडीह में 86 मिलीमीटर, सरिया में 82.6 मिलीमीटर, सिकटिया में 80.4 मिलीमीटर, चंद्रपुरा में 79 मिलीमीटर, कोनेर में 78.2 मिलीमीटर, जमुआ में 77.4 मिलीमीटर और नंदाडीह में 75.8 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। राज्य के अन्य हिस्सों में भी बारिश का सिलसिला जारी रहा। मौसम विभाग के अनुसार, पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य में सबसे अधिक तापमान दारीसाई में 30.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं, सबसे कम तापमान रांची के कांके में 20.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। बुधवार को राजधानी रांची और आसपास के इलाकों में सुबह से ही आसमान में बादल छाए रहे। बारिश के बाद मौसम सुहाना बना रहा और तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई। रांची में बुधवार को अधिकतम तापमान 25.6 डिग्री और न्यूनतम 22.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जमशेदपुर में अधिकतम तापमान 28.7 और न्यूनतम 25 डिग्री, डालटनगंज में अधिकतम 27.6 और न्यूनतम 25.1 डिग्री, बोकारो में अधिकतम 30.1 और न्यूनतम 24.1 डिग्री तथा चाईबासा में अधिकतम 27 और न्यूनतम 22.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

**न्यूज अपडेट्स**

## नाले के मुहाने पर स्कूल, जलजला बनी दीवारें, दहशत

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के हैदरनगर प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय बभनडीह के नौनिहाल जान हथेली पर रखकर पढ़ने को विवश हैं। नाले से सटे विद्यालय भवन में बारिश का पानी घुसने से दीवारों में सीलन और जलजला की स्थिति उत्पन्न हो गई है। लगातार पानी के संपर्क में रहने से भवन की हालत जर्जर होती जा रही है। ऐसे में कभी भी दीवार या नींव के कमजोर पड़ने से बड़ा हादसा होने की आशंका बनी हुई है। ग्रामीणों के अनुसार, बरसात शुरू होते ही विद्यालय परिसर और भवन के आसपास पानी जमा हो जाता है। पानी के तेज बहाव के कारण भवन की नींव के प्रभावित होने की आशंका भी बनी रहती है। विद्यालय भवन की मौजूदा स्थिति को देखते हुए बच्चों की सुरक्षा को लेकर अभिभावक चिंतित हैं। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक आजाद हैदर सिद्दीकी ने बुधवार को बताया कि बारिश के दौरान विद्यालय की छत से लगातार पानी टपकता है। कई कमरों में बच्चों के बैठने लायक स्थिति नहीं रह जाती। मजबूरी में सभी कक्षाओं के बच्चों को एक ही कमरे में बैठाकर पढ़ाना पड़ता है। इससे पठन-पाठन प्रभावित होने के साथ-साथ बच्चों को काफी परेशानी होती है। प्रधानाध्यापक ने बताया कि विद्यालय भवन की समस्या से कई बार विभागीय अधिकारियों को अवगत कराया गया है, लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं हुई है। विद्यालय भवन की स्थिति को लेकर अभिभावकों और ग्रामीणों में आक्रोश के साथ-साथ बच्चों की सुरक्षा को लेकर भय का माहौल है। अभिभावकों ने उपायुक्त पलामू से तत्काल विद्यालय भवन का स्थल निरीक्षण कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि किसी हादसे का इंतजार करने के बजाय समय रहते विद्यालय को सुरक्षित स्थान पर स्थानांतरित कर नए भवन का निर्माण कराया जाए, ताकि बच्चों की जान जोखिम में डालकर पढ़ाई कराने की नौबत न आए।

**रेलवे** मोहम्मदगंज रेलवे स्टेशन पर फुट ओवरब्रिज के विस्तार का रास्ता साफ

# सात सितंबर को खोला जायेगा टेंडर

बंशीधर न्यूज

**मोहम्मदगंज :** मोहम्मदगंज रेलवे स्टेशन पर निर्माणाधीन फुट ओवरब्रिज (एफओबी) के विस्तार का रास्ता अब साफ होता दिख रहा है। पलामू सांसद विष्णु दयाल राम की पहल पर रेलवे ने इसके विस्तार की प्रक्रिया शुरू कर दी है। 7 सितंबर 2026 को इसके लिये टेंडर खोला जायेगा। सांसद ने यात्रियों की सुविधा और सुरक्षित आवागमन को देखते हुये 19 अगस्त को पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल के मंडल रेल प्रबंधक को पत्र लिखकर एफओबी के विस्तार की मांग की थी। इसके जवाब में मंडल रेल प्रबंधक उदय सिंह मीना ने 25 अगस्त को पत्र भेजकर सांसद को जानकारी दी कि एफओबी विस्तार के लिये



जीएडी (जनरल अरेंजमेंट ड्रॉइंग) को स्वीकृति देने की प्रक्रिया चल रही है। रेलवे के अनुसार एफओबी विस्तार का कार्य अमृत भारत स्टेशन योजना के प्रथम चरण के तहत अतिरिक्त कार्य के रूप में प्रस्तावित है। टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बाद निर्माण कार्य आगे बढ़ने की उम्मीद है। एफओबी के विस्तार से यात्रियों को प्लेटफॉर्म के बीच सुरक्षित एवं सुगम



उदय सिंह मीना
Uday Singh Mina
मंडल रेल प्रबंधक
Divisional Railway Manager

सत्यमेव जयते

पूर्व मध्य रेल
East Central Railway
पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल
Pt. Deen Dayal Upadhyaya Division

पत्र सं. मं.रे.प्र./डीडीयू/26 दिनांक 25.08.2026

श्री विष्णु दयाल राम,
माननीय संसद सदस्य (लोकसभा),
पलामू, झारखंड।

विषयः मोहम्मदगंज रेलवे स्टेशन पर निर्माणाधीन फुट ओवर ब्रिज को आगे बढ़ाकर निर्माण कराने के संबंध में।

संदर्भः आपका पत्र सं. 1080/DTO, दिनांक 19.08.2026.

उपरोक्त संदर्भित पत्र के आलोक में यह अवगत कराया जाता है कि प० दीन दयाल उपाध्याय मंडल के अंतर्गत मोहम्मदगंज रेलवे स्टेशन पर फुट ओवर ब्रिज के विस्तार के लिए GAD (जनरल अरेंजमेंट ड्राइंग) को मंजूरी देने की प्रक्रिया चल रही है। यह अमृत भारत स्टेशन परियोजना के अंतर्गत प्रथम चरण के तहत अतिरिक्त कार्य के रूप में प्रस्तावित है। इसकी निविदा (Tender) 07.09.2026 को खुलेगी।

आपके जानकारी के लिए सादर प्रस्तुत ।

भवदीय
(उदय सिंह मीना)

आवागमन की सुविधा मिलेगी। खासकर बुजुर्गों, महिलाओं, बच्चों और दिव्यांग यात्रियों को इसका लाभ मिलेगा।

### रेलवे लाइन पार करने की मजबूरी होगी कम

एफओबी के विस्तार से रामनगर, राजनडीह, झरिवा और नदीपर सहित आसपास के ग्रामीणों को भी राहत मिलेगी। ग्रामीणों को रेलवे लाईन पैदल पार करने में काफी परेशानी होती थी और दुर्घटना का खतरा भी बना रहता था। फुट ओवरब्रिज की सुविधा से रेलवे लाईन पार करने की मजबूरी कम होगी और आवागमन सुरक्षित होगा। सांसद विष्णु दयाल राम ने कहा कि मोहम्मदगंज क्षेत्र का महत्वपूर्ण रेलवे स्टेशन है। यात्रियों की सुविधा, रेलवे स्टेशनों का आधुनिकीकरण और सुरक्षित आवागमन उनकी प्राथमिकताओं में शामिल है।

### सांसद को दी बधाई

एफओबी विस्तार की प्रक्रिया शुरू होने पर सांसद प्रतिनिधि महेन्द्र प्रसाद सिंह, नीरज सिंह, कामेश्वर सिंह, सुशील मेहता, पंसस ममता देवी, भाजपा मंडल अध्यक्ष राजकुमार मेहता, जिला पार्षद प्रतिनिधि अश्विनी कुमार सिंह समेत कई लोगों ने सांसद को बधाई दी और जनहित में किये गये प्रयास के लिये धन्यवाद दिया।

## जेपीएससी-जेएसएससी परीक्षाओं की सीबीआई जांच की मांग, भाजपा ने सरकार को दिया 48 घंटे का अल्टीमेटम



**रांची।** झारखंड में जेपीएससी और जेएसएससी की विभिन्न परीक्षाओं में कथित धांधली और छात्र आंदोलनों के दौरान दर्ज मुकदमों को लेकर भाजपा ने बुधवार को राज्य सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में भाजपा के एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने प्रोजेक्ट भवन में मुख्य सचिव से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। पार्टी ने परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं की सीबीआई जांच कराने और आंदोलन के दौरान छात्रों पर दर्ज मुकदमों को तत्काल वापस लेने की मांग की। भाजपा ने सरकार को 48 घंटे का अल्टीमेटम देते हुए मांगें नहीं माने जाने पर छात्रों के साथ सड़क पर उतरकर आंदोलन करने की चेतावनी दी। मुख्य सचिव से मुलाकात के बाद पत्रकारों से बातचीत में प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू ने कहा कि राज्य के छात्र वर्षों तक मेहनत कर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करते हैं। जेपीएससी और जेएसएससी की परीक्षाओं में बड़े पैमाने पर धांधली की जा रही है और प्रश्नपत्र लीक जैसी घटनाओं से छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है। साहू ने कहा कि जब छात्र अपने साथ हुए कथित अन्याय के खिलाफ शांतिपूर्ण और संवैधानिक तरीके से आंदोलन करते हैं तो उनके खिलाफ पुलिस कार्रवाई की जाती है। उन्होंने आरोप लगाया कि विभिन्न जिलों में बड़ी संख्या में निर्दोष छात्रों पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि रांची, गिरिडीह, चतरा, हजारीबाग और रामगढ़ समेत कई जिलों में झामुमो कार्यकताओं ने छात्रों के साथ मारपीट और अभद्रता की। रामगढ़ में एक झामुमो नेता द्वारा छात्रों को कथित तौर पर पीटने की धमकी दिए जाने का भी उन्होंने उल्लेख किया। भाजपा की ओर से मुख्य सचिव को सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि जेपीएससी-जेएसएससी की विभिन्न परीक्षाओं में कथित धांधली के विरोध में झारखंडी छात्रों ने करीब एक महीने तक लोकतांत्रिक और शांतिपूर्ण तरीके से आंदोलन किया। पार्टी का आरोप है कि इस आंदोलन के दौरान और उसके बाद छात्रों की आवाज दबाने के लिए राज्य के विभिन्न थानों में मुकदमे दर्ज किए गए। ज्ञापन में छात्र आंदोलनों के दौरान दर्ज मुकदमों को वापस लेने से संबंधित उच्चतम न्यायालय के आदेश का हवाला देते हुए झारखंड में भी शांतिपूर्ण आंदोलन के दौरान छात्रों पर दर्ज मुकदमों को वापस लेने की मांग की गई है। भाजपा ने मांग की है कि छात्र आंदोलन के दौरान और उसके बाद विभिन्न थानों में छात्रों के खिलाफ दर्ज सभी एफआईआर अविलंब रद्द की जाएं। भाजपा ने राज्य सरकार से जेपीएससी और जेएसएससी की ओर से आयोजित उन परीक्षाओं की सीबीआई जांच की अनुशंसा करने की मांग की है, जिनमें कथित धांधली के कारण परीक्षाएं रद्द या स्थगित की गई हैं। पार्टी ने कहा कि सरकार को कथित अनियमितताओं की निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करनी चाहिए, ताकि छात्रों के बीच विश्वास बहाल हो सके। ज्ञापन में आयोग के अध्यक्ष की गिरफ्तारी के बाद कथित रूप से समान रूप से दोषी आयोग के अन्य सदस्यों की भी गिरफ्तारी की मांग की गई है। इसके अलावा, जिन अधिकारियों के अधीन काम करने वाले कनिष्ठ कर्मचारियों पर कथित परीक्षा धांधली के मामले में कार्रवाई हुई है, उन अधिकारियों की भूमिका की जांच कर उनके खिलाफ भी कार्रवाई की मांग की गई है। आदित्य साहू ने कहा कि भाजपा छात्रों के हितों से जुड़े इस मुद्दे पर पीछे नहीं हटेगी। उन्होंने कहा कि यदि 48 घंटे के भीतर छात्रों को न्याय नहीं मिला और पार्टी की मांगों पर सरकार ने सकारात्मक पहल नहीं की तो भाजपा छात्रों के साथ मिलकर सड़क पर आंदोलन करेगी।उन्होंने छात्रों पर कथित हिंसक कार्रवाई करने वाले सत्ताधारी दल के कार्यकताओं के खिलाफ भी कार्रवाई की मांग की।

## मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने खरगे और वेणुगोपाल से दिल्ली में की मुलाकात



**रांची।** झारखंड की ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने बुधवार को दिल्ली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल सहित पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान संगठन विस्तार, पार्टी को बूथ स्तर तक मजबूत करने, सरकार के कामकाज और जनता से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। मंत्री ने झारखंड के मौजूदा राजनीतिक हालात और जनहित से जुड़े विषयों से केंद्रीय नेतृत्व को अवगत कराया। बैठक में जनता से जुड़े मुद्दों को मजबूती से उठाने और संगठन को और प्रभावी बनाने को लेकर भी विचार-विमर्श हुआ। दीपिका पांडेय सिंह ने एसआईआर प्रक्रिया के कारण आम लोगों के सामने आ रही चुनौतियों और मतदान के अधिकार को सुरक्षित रखने से जुड़े विषयों पर भी केंद्रीय नेताओं के साथ चर्चा की।

मंत्री ने कहा कि भाजपा की ओर से राजनीतिक स्तर पर किए जा रहे प्रयासों का मुकाबला करने के लिए कांग्रेस को संगठनात्मक रूप से और मजबूती के साथ काम करना होगा। केंद्रीय नेतृत्व ने विभिन्न मुद्दों पर पार्टी की भूमिका और आगामी रणनीति को लेकर मार्गदर्शन दिया। बैठक में संगठन को मजबूत करने और जनता के बीच कांग्रेस की सक्रियता बढ़ाने पर विशेष जोर दिया गया। इस दौरान कांग्रेस के अन्य वरिष्ठ नेता भी मौजूद रहे।

**एसआईआर में बीएलए की अहम भूमिका, प्रारूप सूची के बाद रोजाना अधिकतम 10 आवेदन जमा कर सकेंगे**

# आवेदनों की सूची के साथ लिखित घोषणा अथवा अंडरटेकिंग देना अनिवार्य

**रांची।** झारखंड में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को पारदर्शी और प्रभावी बनाने के लिए भारत निर्वाचन आयोग ने बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) की भूमिका और आवेदन जमा करने की प्रक्रिया स्पष्ट की है। झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने बुधवार को कहा कि मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए अधिकृत बीएलए निर्धारित प्रक्रिया के तहत मतदाता सूची से संबंधित आवेदन प्रपत्र सामूहिक रूप से संबंधित बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) के समक्ष जमा कर सकते हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया कि आयोग के दिशा-निदेर्शों के अनुसार बीएलए द्वारा जमा किए गए आवेदन प्रपत्रों का निर्धारित प्रक्रिया के तहत सत्यापन और जांच की जाएगी। इसके बाद संबंधित निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी आवेदन पर आवश्यक निर्णय लेंगे। के. रवि कुमार ने बताया कि प्रारूप मतदाता सूची के प्रकाशन से पहले एक बीएलए प्रतिदिन अधिकतम 50 आवेदन प्रपत्र बीएलओ के समक्ष जमा कर सकता था। वहीं, प्रारूप मतदाता सूची प्रकाशित होने के बाद यह सीमा घटकर प्रतिदिन अधिकतम 10 आवेदन प्रपत्र हो गई है। उन्होंने बताया कि झारखंड में प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन हो चुका है। ऐसे में वर्तमान में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के अधिकृत बीएलए प्रतिदिन अधिकतम 10 आवेदन प्रपत्र संबंधित बीएलओ को सौंप सकते हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने स्पष्ट किया कि बीएलए द्वारा सामूहिक रूप



से आवेदन प्रपत्र जमा करते समय संबंधित आवेदनों की सूची के साथ लिखित घोषणा अथवा अंडरटेकिंग देना अनिवार्य होगा। इस घोषणा में बीएलए को प्रमाणित करना होगा कि उन्होंने संलग्न सभी आवेदन प्रपत्रों में दर्ज विवरणों का व्यक्तिगत रूप से सत्यापन किया है और उनमें दी गई जानकारियों की शुद्धता से संतुष्ट हैं। घोषणा-पत्र में बीएलए का पूरा नाम, संबंधित राजनीतिक दल का नाम, दिनांक और पूर्ण हस्ताक्षर दर्ज करना अनिवार्य होगा। के. रवि कुमार ने बताया कि यदि कोई बीएलए विशेष गहन पुनरीक्षण की पूरी अवधि के दौरान 30 से अधिक आवेदन प्रपत्र जमा करता है, तो संबंधित निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी या सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी को उन आवेदनों का व्यक्तिगत रूप से क्रॉस-वेरिफिकेशन करना आवश्यक होगा। उन्होंने कहा कि इस व्यवस्था का उद्देश्य सामूहिक रूप से प्राप्त आवेदन प्रपत्रों की शुद्धता सुनिश्चित करना और मतदाता सूची की विश्वसनीयता एवं पारदर्शिता बनाए रखना है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों और उनके अधिकृत बीएलए से भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित प्रक्रिया का पूरी तरह पालन करने तथा एसआईआर के दौरान आपसी समन्वय के साथ सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि सभी हितधारकों की सक्रिय सहभागिता से यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि कोई भी पात्र भारतीय नागरिक मतदाता सूची में शामिल होने से वंचित न रहे। साथ ही, किसी भी अपात्र अथवा विदेशी नागरिक का नाम मतदाता सूची में शामिल न हो। उन्होंने कहा कि राजनीतिक दलों, बीएलए और निर्वाचन तंत्र के समन्वित प्रयास से मतदाता सूची को अधिक शुद्ध, विश्वसनीय और पारदर्शी बनाया जा सकेगा।

# ग्रासिम के आदित्य चिकित्सालय में फिजियोथेरेपी सेंटर का शुभारंभ



बंशीधर न्यूज

**मेदिनीनगर :** ग्रासिम इंडस्ट्रीज लिमिटेड, केमिकल डिवीजन रेहला के आदित्य चिकित्सालय में आधुनिक सुविधाओं से युक्त फिजियोथेरेपी सेंटर का शुभारंभ किया गया। उद्घाटन इकाई प्रमुख हितेंद्र अवस्थी ने किया। हितेंद्र अवस्थी ने कहा कि सेंटर की सुविधा ग्रासिम के कर्मचारियों, उनके परिवारों, कॉलोनीवासियों के साथ-साथ रेहला क्षेत्र के लोगों के लिए भी उपयोगी होगी। वर्तमान जीवनशैली में शारीरिक सक्रियता कम होने के कारण मांसपेशियों, जोड़ों, कमर दर्द और अन्य शारीरिक समस्याओं में वृद्धि हो रही है। ऐसे में समय पर और सुलभ फिजियोथेरेपी सेवा उपलब्ध कराना महत्वपूर्ण पहल है।

सेंटर में पुरुष और महिलाओं के लिए आवश्यक फिजियोथेरेपी एवं पुनर्वास सेवाएं उपलब्ध होंगी। फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. अरुणिमा मरीजों को नियमित थेरेपी सेवाएं देंगी। यहां चोट, मांसपेशियों व जोड़ों से संबंधित समस्याओं तथा दर्द के उपचार और पुनर्वास में सहायता मिलेगी। कार्यक्रम में एचआर हेड पद्माकर लाल दास, टेक्निकल हेड हरदीप कोहली, पावर प्लांट हेड दीपक शर्मा, सीएमओ डॉ. अरविंद शर्मा, डॉ. सुरेंद्र सहित ग्रासिम के अधिकारी, एबीपीएस की प्राचार्य नुरुल हक, उप प्राचार्या अलका सिंह, महिला मंडल की सदस्याएं तथा आदित्य चिकित्सालय के कर्मचारी उपस्थित थे।

## न्यूज अडेट्स

### जीएलए कॉलेज को मिली नई प्रभारी प्राचार्य

**मेदिनीनगर:** जीएलए कॉलेज, मेदिनीनगर में नेतृत्व परिवर्तन हुआ है। वनस्पति विज्ञान विभाग के रीडर डॉ. जसबीर बग्गा के 31 अगस्त को सेवानिवृत्त होने के बाद नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय प्रशासन ने डॉ. रिचा सिंह को कॉलेज का प्रभारी प्राचार्य नियुक्त किया है। एनपीयू के कुलपति के आदेश पर कुलसचिव ने 1 सितंबर 2026 को अधिसूचना जारी कर डॉ. रिचा सिंह को तत्काल प्रभाव से अगले आदेश तक प्रभारी प्राचार्य का अतिरिक्त प्रभार सौंपा है। डॉ. रिचा सिंह वर्तमान में जीएलए कॉलेज के राजनीति विज्ञान विभाग में सहायक प्राध्यापक (स्टेज-2) के साथ विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर राजनीति विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष भी हैं। अधिसूचना के अनुसार उनका वेतन पूर्ववत रहेगा।

### बाईक दुर्घटना में दो घायल



**कांडी :** कांडी थाना क्षेत्र अंतर्गत विजय पेट्रोल पंप के समीप बुधवार को दो बाईक की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। इस दुर्घटना में दोनों बाईक सवार गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों में गड़ा खुर्द निवासी 60 वर्षीय सत्यानंद दुबे एवं भवनाथपुर थाना क्षेत्र के गुडूर गांव निवासी उपेंद्र पासवान के 18 वर्षीय पुत्र सोनू कुमार के नाम शामिल हैं। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को इलाज के लिये कांडी उप स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां चिकित्सक डॉ अभिमन्यु कुमार ने प्राथमिक उपचार किया और दोनों को खतरे से बाहर बताया। उधर घटना की सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने दोनों बाईक को जब्त कर लिया है।

## अध्यात्म स्वामी रत्नेशप्रपन्नाचार्य ने श्रीमद्भागवत कथा सुनाते हुए कहा

# कृष्ण की बाल लीलाओं में छिपा भक्ति का संदेश

बंशीधर न्यूज

**श्री बंशीधर नगर :** श्रीधाम अयोध्या से पधारे श्रीमज्जगद्गुरु रामानुजाचार्य स्वामी श्री रत्नेशप्रपन्नाचार्य जी महाराज ने श्रीमद्भागवत कथा के पंचम दिवस व्यास ने पूतना वध, माखन चोरी, गोचारण, वंशी वादन और गोवर्धन धारण की लीलाओं का भावपूर्ण वर्णन करते हुए इनके आध्यात्मिक संदेशों को समझाया। श्रीकृष्ण की मनोहारी बाल लीलाओं का वर्णन किया। वे श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के मौके श्री वंशीधर मंदिर में आयोजित श्रीमदभागवत कथा सप्ताह में प्रवचन कर रहे थे।

कथा में भगवान श्रीकृष्ण की मनोहारी बाल लीलाओं का प्रसंग सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे।

आचार्य ने कहा कि श्रीकृष्ण की प्रत्येक लीला मानव जीवन को नई दिशा देती है।



पूतना वध के प्रसंग से सीख मिलती है कि कपट का आवरण कितना भी आकर्षक क्यों न हो, सत्य के सामने टिक नहीं सकता। मनुष्य को छल-कपट छोड़कर निर्मल भाव से भगवान का स्मरण करना चाहिए।

माखन चोरी की लीला प्रेम और भक्ति का संदेश देती है। भगवान को धन-दौलत या वैभव नहीं, बल्कि भक्त का निष्कपट प्रेम और समर्पण प्रिय है। गोचारण लीला के माध्यम से गौ, प्रकृति और समस्त जीवों के प्रति संवेदनशील रहने की प्रेरणा दी गई।

वंशी वादन की व्याख्या करते हुए कथा व्यास ने कहा कि वंशी स्वयं को पूरी तरह श्रीकृष्ण के अधीन कर देती है, तभी उससे मधुर स्वर निकलता है। इसी प्रकार मनुष्य अहंकार त्यागकर परमात्मा के प्रति समर्पित हो जाए तो जीवन में माधुर्य आता है।

गोवर्धन धारण प्रसंग में इंद्र के अभिमान का निवारण करते हुए भगवान ने शरणागति और विश्वास का संदेश दिया। कथा व्यास ने कहा कि श्रीकृष्ण की लीलाओं का श्रवण तभी सार्थक है, जब जीवन से कपट दूर हो, हृदय में प्रेम और व्यवहार में विनम्रता आए। यही श्रीमद्भागवत कथा का वास्तविक उद्देश्य है।

## श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव धूमधाम से मनाने के निर्णय

बंशीधर न्यूज



**रमना :** प्रखंड मुख्यालय स्थित श्री हनुमान मंदिर के प्रांगण में बुधवार को समिति एवं ग्रामवासियों की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता सुदर्शन बियार ने की। बैठक में सर्वसम्मति से श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव धूमधाम से मनाने, मंदिर को आकर्षक ढंग से सजाने, परिसर का साफ सफाई करने, महिला श्रद्धालुओं के लिये विशेष व्यवस्था करने, साउंड व लाईट की उत्तम व्यवस्था करने सहित कई महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। वहीं पूजा प्रारंभ से लेकर समापन तक सम्पूर्ण विधि व्यवस्था संभालने के लिये मनोज गुप्ता, बबलू बियार, पप्पू बियार मोड़ पर, धर्मेंद्र कुमार, आनन्द कुमार, सुनील प्रजापति, नरेश साह व रामलाल बियार को अधिकृत किया गया। साथ ही सहयोग राशि संग्रह के लिये नरेश साह, मनोज गुप्ता, मनोज कुमार साह, बबलू बियार, पप्पू बियार, सुनील प्रजापति, दीपू बियार, धर्मेन्द्र कुमार व संजय प्रजापति छोटा को अधिकृत किया गया। बैठक में मुख्य रूप से कृष्ण बियार, रूपेश कुमार मेहता, बबलू कुमार, जितेंद्र कुमार, राकेश कुमार, मुकेश कुमार, चंदन कुमार, प्रमोद कुमार, साजन कुमार, लवकुश कुमार, बादल कुमार व महेन्द्र प्रसाद गुप्ता आदि मौजूद थे।

### रेहला आदित्य चिकित्सालय में फिजियोथेरेपी सेंटर शुरू



**रेहला :** रेहला ग्रासिम इंडस्ट्रीज लिमिटेड केमिकल डिवीजन के आदित्य चिकित्सालय में आधुनिक सुविधाओं से युक्त फिजियोथेरेपी सेंटर का बुधवार को शुभारंभ किया गया। उद्घाटन इकाई प्रमुख हितेंद्र अवस्थी ने किया। मौके पर उन्होंने कहा कि सेंटर से ग्रासिम के कर्मचारियों व उनके परिवारों के साथ रेहला क्षेत्र के लोगों और कॉलोनीवासियों को भी लाभ मिलेगा। बदलती जीवनशैली में मांसपेशियों, जोड़ों और कमर दर्द जैसी समस्याएं बढ़ रही हैं। ऐसे में समय पर सुलभ फिजियोथेरेपी सेवा उपलब्ध कराना महत्वपूर्ण पहल है। सेंटर में पुरुषों और महिलाओं के लिये फिजियोथेरेपी एवं पुनर्वास संबंधी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। फिजियोथेरेपिस्ट डॉ अरुणिमा नियमित रूप से मरीजों को थेरेपी देंगी। सेंटर में चोट, मांसपेशियों व जोड़ों से जुड़ी समस्या, दर्द और अन्य शारीरिक परेशानियों के उपचार एवं पुनर्वास में सहायता मिलेगी। कार्यक्रम में एचआर हेड पद्माकर लाल दास, टेक्निकल हेड हरदीप कोहली, पावर प्लांट हेड दीपक शर्मा, सीएमओ एवं ओएचसी डॉ अरविंद शर्मा, डॉ सुरेंद्र, निखिलेश झा, संजय सिंह, निमिषा सिंह, देश दीपक, नितेश पांडेय, विकास कुमार व अनिल गिरि, एबीपीएस की प्राचार्य नुरुल हक, उपप्राचार्या अलका सिंह, महिला मंडल की सदस्य व आदित्य चिकित्सालय के कर्मचारी भी उपस्थित थे।

### मतदाताओं के लिये विशेष सुनवाई



**रमना :** प्रखंड की कर्णपुरा पंचायत सचिवालय में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य के तहत छूटे हुये मतदाताओं के लिये विशेष सुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में नाम जुड़वाने से वंचित रह गये 150 मतदाताओं को सुनवाई में शामिल होने के लिये नोटिस भेजा गया था। हालांकि समाचार लिखे जाने तक केवल 72 मतदाता ही अपनी उपस्थिति दर्ज करा सके। मौके पर मौजूद सीओ विकास पांडेय ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुये कहा कि जिन योग्य मतदाताओं का नाम फिलहाल छूट गया है, वे सुनवाई कार्यक्रम के माध्यम से अपना नाम मुख्य सूची में जुड़वाने का पूरा लाभ उठा सकते हैं। उन्होंने ग्रामीणों से अपनी भागीदारी सुनिश्चित करते हुये अहर्ता प्राप्त लोग अपना नाम जुड़वाएं। मौके पर मुखिया अजीत कुमार पांडेय सहित एसआईआर कार्य से जुड़े सभी प्रखंड कर्मी, बीएलओ और ग्रामीण उपस्थित थे।

### सगमा में झाड़-फूंक के चक्कर में गई युवक की जान, परिजनों में मचा कोहराम



**सगमा :** प्रखंड के पुतूर गांव निवासी स्वर्गीय रामधारी बैठा के 25 वर्षीय पुत्र श्रीराम बैठा की मौत सर्पदंश से हो गई। घटना मंगलवार की मध्य रात्रि करीब 1:30 बजे की बताई जा रही है। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया, वहीं पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। जानकारी के अनुसार श्रीराम बैठा मंगलवार की रात भोजन करने के बाद मच्छरदानी लगाकर अपने पलंग पर सो रहे थे। इसी दौरान करैत सांप ने उन्हें दो बार डस लिया। पहली बार सांप के डसने पर उन्होंने बिस्तर को झाड़कर दोबारा सोने की कोशिश की। कुछ देर बाद सांप ने उन्हें दूसरी बार डस लिया। इसके बाद उन्होंने शोर मचाया। आवाज सुनकर परिवार के लोग मौके पर पहुंचे तो बिस्तर पर करैत सांप लिपटा हुआ दिखाई दिया। परिजन तत्काल इलाज कराने के बजाय झाड़-फूंक में लग गये। जब युवक की स्थिति गंभीर होने लगी तो उसे श्री बंशीधर अनुमंडल अस्पताल ले जाया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसे गढ़वा रेफर कर दिया। हालांकि गढ़वा पहुंचने से पहले ही रास्ते में उसकी मौत हो गई। अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बताया गया कि मृतक की शादी करीब चार वर्ष पूर्व हुई थी और उसका कोई संतान नहीं था। घटना के समय उसकी पत्नी मायके में थी। घटना के बाद परिवार और गांव में मातम पसरा है।

## बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय में नवप्रवेशित विद्यार्थियों का ओरिएंटेशन कार्यक्रम

# शिक्षा के साथ संस्कार व व्यावहारिक ज्ञान महत्वपूर्ण

बंशीधर न्यूज



**गढ़वा :** बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय गढ़वा के फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, आईटी एवं मैनेजमेंट में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिये विश्वविद्यालय के ऑडिटोरियम में ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन कुलपति प्रो डॉ एमके सिंह ने दीप जलाकर किया। कार्यक्रम की शुरूआत छात्राओं के स्वागत नृत्य से हुई। इसके बाद कुलपति का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। फैकल्टी ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, आईटी एवं मैनेजमेंट के डीन प्रो डॉ पंकज कुमार ने नवप्रवेशित विद्यार्थियों का स्वागत करते हुये शिक्षा के साथ संस्कार, अनुशासन, नैतिक मूल्यों और व्यावहारिक ज्ञान को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने विद्यार्थियों से विश्वविद्यालय के शैक्षणिक वातावरण का लाभ उठाकर ज्ञान एवं कौशल को निरंतर विकसित करने की अपील की। कुलाधिपति दिनेश प्रसाद सिंह ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुये नियमित अध्ययन और अनुशासन के साथ लक्ष्य की ओर बढ़ने के लिये प्रेरित किया। कुलपति प्रो डॉ एमके सिंह ने कहा कि वर्तमान तकनीकी दौर में केवल किताबी ज्ञान पर्याप्त नहीं है। विद्यार्थियों को विषय के सैद्धांतिक ज्ञान के साथ व्यावहारिक और तकनीकी कौशल पर भी विशेष ध्यान देना चाहिये। उन्होंने बदलती तकनीक के अनुरूप स्वयं को तैयार करने और नई तकनीकों को सीखते रहने की सलाह दी। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था, पाठ्यक्रम, अनुशासन, गतिविधियों एवं उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी दी गई। द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दीं। ने धन्यवाद ज्ञापन किया। मौके पर परीक्षा नियंत्रक डॉ ललन कुमार, कुलसचिव, समन्वयक नीतू सिंह, डॉ अविनाश कुमार, आकाश कुमार, सुयश श्री राजवंश, जोयदीप दत्ता, रितिक द्विवेदी, श्वेता पांडेय, संतोष सिंह, सत्यम सिंह, सौरव अधिकारी, कुमार राकेश, रोशन कुमार शर्मा, अभिषेक कुमार, कमलेश तिवारी, कैशा खान, श्वेता कुमारी, अनिमेष चौबे, राजीव सिंह समेत विभिन्न संस्थानों के डीन, शिक्षक एवं अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

# राज्यपाल से मिले छात्र नेता, कुलपति के अधिकारों पर रोक के निर्देश का दावा



बंशीधर न्यूज

**मेदिनीनगर :** छात्र संगठनों के प्रतिनिधिमंडल ने एनपीयू में कथित वित्तीय अनियमितताओं और कुलपति दिनेश कुमार सिंह के कार्यकाल से जुड़े मामलों की जांच की मांग को लेकर राज्यपाल से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने विश्वविद्यालय की ऑडिट रिपोर्ट सहित विभिन्न मामलों को उठाते हुए उच्चस्तरीय व निष्पक्ष जांच की मांग की। छात्र प्रतिनिधियों के अनुसार, राज्यपाल ने बातचीत के दौरान बताया कि आईपीएस को रद्द कर दिया गया है। साथ ही कुलपति दिनेश कुमार सिंह से संबंधित ऑडिट रिपोर्ट के आधार पर कारण बताओ नोटिस जारी किए जाने की जानकारी दी। प्रतिनिधिमंडल का दावा है कि राज्यपाल ने अपने ओएसडी को कुलपति के सभी अधिकारों पर तत्काल रोक लगाने की दिशा में आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दिया है। छात्र संगठनों ने आरोप लगाया कि कुलपति के कार्यकाल में करीब 100 करोड़ रुपये की वित्तीय अनियमितता हुई है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय में लंबे समय से वित्तीय पारदर्शिता और जवाबदेही को लेकर सवाल उठ रहे हैं। प्रतिनिधिमंडल ने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी पाए जाने वालों पर कार्रवाई की मांग की। मुलाकात के बाद छात्र नेताओं ने कहा कि राज्यपाल स्तर से मिले निर्देशों के बाद विश्वविद्यालय में वित्तीय अनुशासन और पारदर्शिता सुनिश्चित होने की उम्मीद है। मौके पर आपसू नेता राहुल कुमार दुबे, कमलेश कुमार पांडेय, राज नेहा चौबे, प्रिया प्रजापति, कांग्रेस जिला महासचिव अभिषेक तिवारी व एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष अमरनाथ तिवारी मौजूद थे।

## न्यूज अपडेट्स

### पलामू में भारी बारिश का येलो अलर्ट, आज के बाद राहत की उम्मीद

**मेदिनीनगर।** बंगाल की खाड़ी और उत्तरी तटीय ओडिशा के ऊपर बने निम्न दबाव के असर से झारखंड में मानसून फिर सक्रिय है। इस सिस्टम के प्रभाव से पलामू जिले में रविवार से लगातार बारिश हो रही है। जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। बारिश के कारण घरों से निकलना मुश्किल हो रहा है। बुधवार को भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। गर्जन, आकाशीय बिजली के साथ 30-40 किमी प्रति घंटे की गति से हवा चलने की संभावना है। मौसम विभाग ने लोगों को आकाशीय बिजली और बारिश से बचने के लिए सावधान रहने की सलाह दी है। इधर, बारिश के कारण जिले की प्रमुख नदी सोन, कोयल और अमानत के साथ-साथ अन्य छोटी बड़ी नदियां उफान पर है। इन नदियों के तटवर्ती इलाकों के ग्रामीणों को माइकिंग कर प्रशासन अलर्ट कर रहा है। अनावश्यक नदी, तालाब एवं जलस्त्रोत के किनारे नहीं जाने और प्रशासनिक गाइडलाइन को मानने का आग्रह किया है। उल्लेखनीय है कि पिछले 72 घंटे के दौरान मंगलवार शाम 5:00 तक पलामू जिले में 200 मिली मीटर से ज्यादा बारिश रिकॉर्ड की गई है।

## बाढ़ का निरीक्षण — डीसी ने किया संवेदनशील क्षेत्रों का निरीक्षण

# फसल क्षति का आकलन कर शीघ्र रिपोर्ट दें : डीसी

बंशीधर न्यूज



**कांडी/मझिआंव/गढ़वा :** जिले में हो रही भारी बारिश और आगामी दिनों में संभावित भारी वर्षा को देखते हुये डीसी-सह-जिला दंडाधिकारी पशुपति नाथ मिश्रा ने बुधवार को विभिन्न तटीय एवं संवेदनशील क्षेत्रों का स्थल निरीक्षण किया। उन्होंने मझिआंव प्रखंड के कोयल नदी क्षेत्र, कांडी प्रखंड के सोन नदी तट और आसपास के इलाकों में जलस्तर एवं फसलों की स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान लगातार बारिश से हुये फसल नुकसान की भी जानकारी ली। निरीक्षण की शुरूआत मोहम्मदगंज स्थित भीम बराज से हुई। डीसी ने बराज में पानी के बहाव, जलस्तर और व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण किया। मौके पर किसानों और ग्रामीणों ने धान की फसल को हुये नुकसान तथा बराज के रखरखाव से जुड़ी समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। ग्रामीणों ने बताया कि बराज में 40 गेट हैं और इनकी समुचित देखरेख होने पर आसपास के लोगों को काफी लाभ मिल सकता है। डीसी ने समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुये अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दिया। इसके बाद उन्होंने कांडी के सोन नदी तटीय क्षेत्र का निरीक्षण किया। ग्रामीणों ने बताया कि जलभराव के कारण कई स्थानों पर फसलें डूब गई हैं। ग्रामीणों ने मजबूत गार्ड वॉल निर्माण तथा कोरगाई से सुंडीपुर तक मिट्टी भराई और बोल्डर पीचिंग कराने की मांग रखी। डीसी ने सीओ को संभावित आपात स्थिति से निपटने के लिये गोताखोर, खाद्य सामग्री और अन्य जरूरी संसाधन पर्याप्त मात्रा में तैयार रखने का निर्देश दिया। नारायणपुर गांव में भी डीसी ने जलभराव से डूबी फसलों का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को प्रभावित किसानों की फसल क्षति का सही, पारदर्शी और निष्पक्ष आकलन कर शीघ्र रिपोर्ट उपलब्ध कराने को कहा, ताकि नियमानुसार सहायता उपलब्ध कराई जा सके। डीसी ने सभी अधिकारियों और कर्मियों को संभावित भारी बारिश को देखते हुये अलर्ट रहने तथा संवेदनशील क्षेत्रों में लगातार निगरानी रखने का निर्देश दिया। मौके पर एसी विकास कुमार राय, कांडी प्रमुख सत्येन्द्र पांडेय उर्फ पिंकू पांडेय, मझिआंव एवं कांडी के सीओ, संबंधित थाना प्रभारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि समेत अन्य पदाधिकारी व कर्मी मौजूद थे।

## गड्ढों से भरी सड़क पर स्कूल जाना मुश्किल, छात्राएं मिलीं डीसी से

बंशीधर न्यूज



**मेदिनीनगर :** पाटन प्रखंड के किसैनी गांव की कक्षा 10 की छात्राओं ने विद्यालय आने-जाने में हो रही परेशानी को लेकर बुधवार को समाहरणालय सभागार में आयोजित जन समाधान दिवस में डीसी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत से गुहार लगाई। छात्राओं की समस्या सुनते ही डीसी ने तत्काल संबंधित पदाधिकारियों को सड़क को आवागमन योग्य बनाने का निर्देश दिया। छात्राओं ने बताया कि वे प्रतिदिन साइकिल से विद्यालय जाती हैं। लगातार बारिश के कारण विद्यालय जाने वाली सड़क पर जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं। इससे दुर्घटना का खतरा बना रहता है। कई बार छात्राएं चोटिल भी हो चुकी हैं। सुरक्षा को लेकर अभिभावक उन्हें स्कूल भेजने में हिचक रहे हैं, जिससे पढ़ाई प्रभावित हो रही है। छात्राओं ने कहा कि वे कक्षा 10 में हैं और बोर्ड परीक्षा की तैयारी कर रही हैं। सड़क की बदहाली का असर उनकी पढ़ाई और परीक्षा परिणाम पर पड़ सकता है। डीसी ने कहा कि सड़क का स्थायी निर्माण लंबी प्रक्रिया है, लेकिन तत्काल आवागमन सुचारु कराया जा सकता है। उन्होंने डस्ट व अन्य आवश्यक सामग्री डालकर सड़क को चलने योग्य बनाने का निर्देश दिया। जन समाधान दिवस में भूमि विवाद, रास्ता अवरुद्ध करने, प्रधानमंत्री आवास, दाखिल-खारिज, राजस्व, स्वास्थ्य, पेयजल, शिक्षा व कल्याण से जुड़े आवेदन भी प्राप्त हुए।

## कांग्रेस हिंदू विरोधी मानसिकता से ग्रसित : रितेश चौबे

बंशीधर न्यूज



**गढ़वा :** भाजपा जिला मीडिया प्रभारी रितेश चौबे ने कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुये उसे हिंदू विरोधी करार दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस देश की एकता, अखंडता और संप्रभुता में विश्वास नहीं करती है। रितेश चौबे ने कहा कि मनुस्मृति जलाने के कथित आह्वान से कांग्रेस की विचारधारा सामने आ गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने लंबे समय तक सत्ता में रहते हुये भारतीय संस्कृति, परंपरा, शिक्षा व्यवस्था और संवैधानिक ढांचे में बदलाव के जरिये भारतीय संस्कृति और धार्मिक ग्रंथों को नुकसान पहुंचाने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 में जनता ने कांग्रेस को सत्ता से बाहर किया, जिसके बाद पार्टी विभिन्न मुद्दों को लेकर राजनीतिक षड्यंत्र कर रही है। रितेश चौबे ने कहा कि कांग्रेस नेतृत्व परंपरागत धार्मिक और सांस्कृतिक विषयों को लेकर लगातार विवादित रुख अपनाता रहा है। उन्होंने भगवान राम को लेकर कांग्रेस नेताओं के पूर्व बयानों और मनुस्मृति से जुड़े कथित अभियान का उल्लेख करते हुये पार्टी पर निशाना साधा। उन्होंने कांग्रेस पर संविधान के प्रति भी असम्मान का आरोप लगाया। वंदे मातरम् को लेकर कांग्रेस की बैठक में कथित प्रस्ताव का जिक्र करते हुये उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने पूरे वंदे मातरम् के गायन का विरोध किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने डॉ भीमराव अंबेडकर द्वारा बनाये गये संविधान का भी लगातार अपमान किया है। भाजपा नेता ने कहा कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे हैं, लेकिन पार्टी में निर्णय गांधी परिवार के प्रभाव में लिये जाते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि गांधी परिवार अपनी राजनीतिक व्यवस्था बचाने के लिये देश की अस्मिता से खिलवाड़ कर रहा है। रितेश ने कांग्रेस के सहयोगी दल झामुमो पर भी सवाल उठाते हुये पूछा कि यदि वह कांग्रेस के विचारों से सहमत नहीं है तो उसे इस मुद्दे पर अपनी स्थिति स्पष्ट करनी चाहिये। उन्होंने कहा कि जनता भी झामुमो से इस संबंध में जवाब चाहती है।

## बीआईटी सिंदरी ने बरडीहा के बीडीओ प्रवीण सिंह को किया आमंत्रित

### नवप्रवेशी बीटेक छात्रों के इंडक्शन प्रोग्राम में मुख्य अतिथि के रूप में लेंगे हिस्सा

बंशीधर न्यूज



**बरडीहा :** राज्य के प्रतिष्ठित तकनीकी संस्थान बीआईटी सिंदरी धनबाद ने झारखंड प्रशासनिक सेवा के अधिकारी सह बरडीहा के बीडीओ प्रवीण कुमार सिंह को नवप्रवेशी बीटेक छात्रों के इंडक्शन प्रोग्राम में अतिथि वक्ता के रूप में आमंत्रित किया है। संस्थान के निदेशक प्रो डॉ पंकज राय की ओर से बीडीओ को भेजे गये आमंत्रण पत्र के अनुसार श्री सिंह छह सितंबर को संस्थान परिसर में आयोजित कार्यक्रम में सत्र 2026-30 के विद्यार्थियों को प्रेरक उद्बोधन देंगे। जानकारी के अनुसार विद्यार्थियों को जीवन की वास्तविक चुनौतियों से परिचित कराने, आत्मविश्वास बढ़ाने और लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने के उद्देश्य से उन्हें आमंत्रित किया गया है। प्रशासनिक सेवा में जमीनी स्तर पर कार्य करने के उनके अनुभव से विद्यार्थियों को व्यावहारिक मार्गदर्शन मिलने की उम्मीद है। बरडीहा बीडीओ के रूप में करीब दो माह के कार्यकाल में श्री सिंह ने अपनी संवेदनशील कार्यशैली और त्वरित निर्णयों से क्षेत्र में अलग पहचान बनाई है। स्थानीय लोगों के अनुसार लंबे समय से लंबित जनसमस्याओं के समाधान के लिये उन्होंने धरातल पर पहल की है। इसका असर प्रखंड सह अंचल कार्यालय में भी देखने को मिल रहा है। ग्रामीण अब अपनी समस्याएं लेकर सीधे कार्यालय पहुंच रहे हैं। प्रत्येक भ्रमण के दौरान भी ग्रामीण उनसे मिलकर अपनी समस्याएं साझा करते हैं। उनकी कार्यशैली की चर्चा एक कुशल प्रशासक और जनसेवक के रूप में हो रही है।

## चैनपुर प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण कर ग्रामीणों से सीधा संवाद

# एसआईआर पर ग्रामीणों से रूबरू हुए केएन त्रिपाठी

### समस्याओं का लिया जायजा

बंशीधर न्यूज



**मेदिनीनगर :** पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी एसआईआर को लेकर चैनपुर प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण कर ग्रामीणों से सीधा संवाद किया। इस दौरान उन्होंने मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने, दस्तावेज, सत्यापन और आवेदन प्रक्रिया से जुड़ी समस्याओं की जानकारी ली। ग्रामीणों ने बताया कि कई इलाकों में एसआईआर प्रक्रिया की पर्याप्त जानकारी नहीं होने से लोगों में असमंजस की स्थिति है। उन्होंने जागरूकता बढ़ाने और प्रक्रिया की स्पष्ट जानकारी उपलब्ध कराने की मांग की। कई लोगों ने दस्तावेजों और सत्यापन को लेकर आ रही परेशानियां भी साझा की। केएन त्रिपाठी ने कहा कि मतदाता सूची का पुनरीक्षण लोकतांत्रिक व्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा है। सूची को अद्यतन और त्रुटिरहित रखने के साथ यह भी सुनिश्चित होना चाहिए कि किसी पात्र नागरिक का नाम किसी कारण से मतदाता सूची से बाहर न हो। उन्होंने कहा कि पूरी प्रक्रिया पारदर्शी और निष्पक्ष तरीके से होनी चाहिए। उन्होंने ग्रामीणों से अपने नाम की जांच करने, आवश्यक दस्तावेज तैयार रखने और निर्धारित प्रक्रिया के तहत समय पर सत्यापन व आवेदन करने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पात्र नागरिक का मताधिकार सुरक्षित रहना लोकतंत्र की मजबूती के लिए जरूरी है।



## अक्षय कुमार की 'सामुक' को मिली फीमेल लीड

अक्षय कुमार की बहुप्रतीक्षित साइंस-फिक्शन एक्शन थ्रिलर 'सामुक' को लेकर नया अपडेट सामने आया है। कुछ दिन पहले घोषित हुई इस फिल्म की शूटिंग फिलहाल ब्रिटेन में चल रही है। विपुल अमृतलाल शाह द्वारा निर्मित और कनिष्क वर्मा के निर्देशन में बन रही 'सामुक' को भारत की पहली एलियन थ्रिलर बताया जा रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म में अक्षय कुमार के अपोजिट महिला किरदार के लिए बंगाली अभिनेत्री रुक्मिणी मैत्र से बातचीत चल रही है। अगर बात पक्की होती है तो यह रुक्मिणी का बॉलीवुड डेब्यू होगा और वह पहली बार अक्षय कुमार के साथ स्क्रीन शेयर करती नजर आएंगी। रिपोर्ट के अनुसार, फिल्म में रुक्मिणी को एक महत्वपूर्ण भूमिका के लिए कास्ट करने पर चर्चा चल रही है। फिल्म से जुड़े एक सूत्र ने बताया कि उनका किरदार काफी दिलचस्प है और अक्षय कुमार के किरदार के साथ अच्छी तरह मेल खाता है। निमार्ताओं को ऐसी अभिनेत्री की तलाश थी, जिसमें दमदार अभिनय के साथ प्रभावशाली स्क्रीन प्रेजेंस भी हो। बंगाली सिनेमा में अपनी पहचान बना चुकीं रुक्मिणी के लिए यह प्रोजेक्ट हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में एक बड़े स्तर पर कदम रखने का मौका होगा। आशीन ए शाह द्वारा सह-निर्मित 'सामुक' को बड़े पैमाने पर तैयार किया जा रहा है और इसे 2027 में अखिल भारतीय स्तर पर सिनेमाघरों में रिलीज करने का लक्ष्य रखा गया है। फिल्म अक्षय कुमार और विपुल अमृतलाल शाह की जोड़ी की करीब 13 साल बाद वापसी भी होगी। दोनों ने इससे पहले 2014 की फिल्म 'हॉलिडे: ए सोल्जर इज नेवर ऑफ ड्यूटी' में साथ काम किया था। फिल्म को हॉलीवुड स्तर का लुक देने के लिए ऑस्कर-नामांकित क्रिएचर इफेक्ट्स डिजाइनर एलेक गिलिस को भी टीम में शामिल किया गया है। अब रुक्मिणी की संभावित एंट्री ने इस साइंस-फिक्शन फिल्म को लेकर उत्सुकता और बढ़ा दी है।

## 'वाइब' में जासूस बने कुणाल खेमू, ट्रेलर जारी




अभिनेता और निर्देशक कुणाल खेमू की आगामी एक्शन-कॉमेडी फिल्म 'वाइब' का आधिकारिक ट्रेलर रिलीज हो गया है। ड्रोंगो फिल्म्स के बैनर तले बनी इस फिल्म का निर्देशन खुद कुणाल ने किया है। फिल्म में उनके साथ प्रीति जिंटा, स्पर्श श्रीवास्तव, वंशिका धीर और भोजपुरी अभिनेता दिनेश लाल यादव निरहुआ अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे।

ट्रेलर में कुणाल खेमू और स्पर्श श्रीवास्तव दो ऐसे दोस्तों की भूमिका में दिख रहे हैं, जो अपनी लापरवाही के चलते एक बड़ी मुसीबत में फंस जाते हैं। हालात उन्हें जासूस बनने पर मजबूर कर देते हैं। वहीं, प्रीति जिंटा एक सख्त कमांडिंग ऑफिसर के किरदार में हैं, जो देश को संकट से बचाने के मिशन में दोनों को शामिल करती हैं। नौसिखिए जासूसों की मजेदार हरकतें ट्रेलर में हास्य का तड़का लगाती हैं।

### 18 सितंबर को होगी रिलीज

फिल्म में दिग्गज अभिनेत्री शर्मिला टैगोर भी खास कैमियो भूमिका में नजर आएंगी। एक्शन, कॉमेडी और जासूसी के मिश्रण से बनी 'वाइब' दर्शकों को मनोरंजन का भरपूर पैकेज देने का दावा करती है। यह फिल्म 18 सितंबर को देशभर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



## अमेरिका के सबसे बड़े विद्यालय 'न्यूयॉर्क सिटी पब्लिक स्कूल्स' में एआई के इस्तेमाल पर रोक

### 269 पूर्व-भरे फॉर्म-7 मिलने का आरोप, डीडीसी को सौंपा ज्ञापन

# झामुमो ने की निष्पक्ष जांच की मांग

बंशीधर न्यूज



**गढ़वा :** पूर्व मंत्री व झामुमो के केंद्रीय महासचिव मिथिलेश कुमार ठाकुर के कल्याणपुर स्थित आवास पर आयोजित प्रेसवार्ता में झामुमो नेताओं ने निर्वाचन प्रक्रिया में कथित अनाधिकृत हस्तक्षेप और गड़बड़ी का आरोप लगाते हुये मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की। नेताओं ने दावा किया कि रंका प्रखंड के एक दुकान से 269 पूर्व-भरे फॉर्म-7 मिले हैं, जिन पर संबंधित मतदाताओं के हस्ताक्षर नहीं थे। झामुमो नेताओं के अनुसार ये प्रपत्र भाजपा कार्यकर्ता शिव प्रसाद सोनी के पास पाये गये थे और उन्हें बीएलओ से हस्ताक्षर कराने के लिये ले जाया जा रहा था। ग्रामीणों को गड़बड़ी की आशंका होने पर उन्होंने इसकी सूचना प्रशासन को दी, जिसके बाद प्रशासन ने संबंधित व्यक्ति को थाना ले जाकर कार्रवाई की। झामुमो के केंद्रीय सदस्य जवाहर पासवान ने आरोप लगाया कि विशेष रूप से अल्पसंख्यक, पिछड़े, दलित बहुल क्षेत्रों और पात्र मतदाताओं को निशाना बनाकर मतदाता सूची से नाम हटाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि एसआईआर से जुड़े सरकारी दस्तावेज राजनीतिक कार्यकताओं तक कैसे पहुंचे, इसकी जांच जरूरी है। उन्होंने मांग की कि जांच पूरी होने तक संदिग्ध अथवा पूर्व-भरे फॉर्म-7 के आधार पर किसी वैध मतदाता का नाम नहीं हटाया जाय। जिला सचिव शरीफ अंसारी ने खपरो पंचायत के बूथ संख्या 382 और 407 से जुड़े पूर्व-भरे फॉर्म-7 के स्रोत की स्वतंत्र जांच की मांग की। उन्होंने कहा कि मतदाता का नाम हटाने से पहले विधिसम्मत सूचना देकर उसे अपना पक्ष रखने का पूरा अवसर दिया जाना चाहिये। झामुमो नेताओं ने आरोप लगाया कि खपरो पंचायत के उक्त बूथों की मतदाता सूची और एसआईआर से संबंधित सरकारी कागजात विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी की प्रचार सामग्री वाले झोले में मिले हैं। इस आरोप की भी निष्पक्ष जांच की मांग की गई। झामुमो जिला कमेटी ने डीसी-सह-जिला निर्वाचन पदाधिकारी के नाम डीडीसी को ज्ञापन सौंपकर पूरे मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की। मौके पर तनवीर आलम, मनोज ठाकुर, चंदन जायसवाल, श्रवण सिंह छोटू, लल्लू राम, संजय कांस्यकार, धनंजय तिवारी, सुजीत चंद्रवंशी, रशीद अंसारी, सुमित कुमार पाल, सनी चंद्रवंशी, रंथा नायक, प्रियम सिंह समेत कई मौजूद थे।

## मलय डैम का स्पीलवे ओवरफ्लो, सैलानियों की उमड़ी भीड़, बढ़ी निगरानी



**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के सतबरवा प्रखंड क्षेत्र स्थित मुरमा-कठौतिया मलय डैम का जलस्तर बढ़ने से स्पीलवे ओवरफ्लो हो गया है। डैम के ओवरफ्लो होने से जहां प्रशासन सतर्क हो गया है, वहीं पर्यटकों में खासा उत्साह है। बड़ी संख्या में सैलानी यहां पहुंच रहे हैं और ओवरफ्लो हो रहे स्पीलवे का आनंद ले रहे हैं। मलय डैम के जलस्तर में भी लगातार वृद्धि हुई। बुधवार को स्पीलवे के ओवरफ्लो होने की सूचना फैलते ही बड़ी संख्या में पर्यटक यहां पहुंचने लगे। लोग मौज-मस्ती के साथ फोटो और रील बनाने के अलावा लाइव वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर साझा करते नजर आए। इधर, प्रखंड प्रशासन भी मामले को लेकर सतर्क हो गया है। प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचल अधिकारी विजय कुमार ने बुधवार को बताया कि डैम के मनोरम दृश्य को देखने के लिए बड़ी संख्या में सैलानी पहुंच रहे हैं, जिनमें युवाओं की संख्या अधिक है। उन्होंने कहा कि युवा कई बार अति उत्साह में जोखिम भरे कदम उठा लेते हैं। सुरक्षा के मद्देनजर उन्होंने पर्यटकों से ऐसा नहीं करने और सतर्क रहने की अपील की है। बीडीओ सह सीओ ने थाना प्रभारी प्रदीप कुमार को मलय डैम समेत अन्य प्रमुख जलस्रोत वाले इलाकों में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती और लगातार निगरानी रखने का निर्देश दिया है। उन्होंने पर्यटकों से डैम के आसपास सावधानी बरतने की अपील की है।

## देश की अर्थव्यवस्था को गति देने में ड्राईवरों की महत्वपूर्ण भूमिका : संघ



**सगमा :** ऑल राईट ड्राईवर मजदूर महासंघ एसोसिएशन की ओर से बुधवार को सगमा बाजार में प्रखंड स्तरीय कार्यालय का उद्घाटन किया गया। कार्यालय का उद्घाटन महासंघ के झारखंड राज्य चेयरमैन फैसल खान, राज्य सभापति इरफान खान, उत्तर प्रदेश अध्यक्ष मुल्तान साह एवं गढ़वा जिला अध्यक्ष प्रमोद कुमार विश्वकर्मा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर एवं नारियल फोड़कर किया। कार्यालय खुलने से क्षेत्र के ड्राईवरों एवं मजदूरों में संगठन को लेकर उत्साह देखा गया। इसके बाद सगमा हाईस्कूल परिसर में महासंघ की ओर से विशेष सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान विभिन्न पदाधिकारियों एवं यूनियन प्रतिनिधियों को गुलदस्ता भेंट कर तथा अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। सभा को संबोधित करते हुये वक्ताओं ने ड्राईवरों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। वक्ताओं ने कहा कि ड्राईवरों के साथ होने वाले अत्याचार एवं शोषण पर रोक लगनी चाहिये। ड्राइवरों के हितों के विरुद्ध बनाये गये कानूनों पर पुनर्विचार करते हुये हिट एंड रन कानून को समाप्त करने की मांग की गई। वक्ताओं ने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था को गति देने में ड्राईवरों की महत्वपूर्ण भूमिका है। इसलिये सरकारी कर्मचारियों की तरह ड्राईवरों को भी आवश्यक सामाजिक एवं आर्थिक सुविधाएं मिलनी चाहिये, ताकि उनके बच्चों को बेहतर शिक्षा और परिवार को सम्मानजनक जीवन मिल सके। सभा के बाद श्री बंशीधर नगर से सगमा होते हुये धुरकी तक जागरूकता रैली निकाली गई। रैली में शामिल ड्राईवरों ने ड्राईवर एकता जिंदाबाद सहित विभिन्न नारों के साथ अपने अधिकारों के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। धुरकी पहुंचने पर महासंघ के कार्यालय का भी उद्घाटन किया गया। महासंघ के पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर केंद्र एवं राज्य सरकार गंभीरता से विचार नहीं करती है, तो संगठन बड़े आंदोलन के लिये बाध्य होगा। जरूरत पड़ने पर केंद्र एवं राज्य सरकार के खिलाफ चरणबद्ध आंदोलन किया जायेगा। कार्यक्रम में राज्य, जिला एवं प्रखंड स्तर के पदाधिकारियों के साथ बड़ी संख्या में ड्राईवर एवं मजदूर मौजूद थे।

### अनुमंडल अस्पताल के नये प्रभारी उपाधीक्षक डॉ गोखुल प्रसाद ने संभाला कार्यभार

## अस्पताल की लचर व्यवस्था को दुरुस्त करने का होगा हरसंभव प्रयास : डॉ गोखुल

### जल्द ही अस्पताल में संचालित किये जायेंगे चार-चार ओपीडी



बंशीधर न्यूज

**श्री बंशीधर नगर :** श्री बंशीधर नगर के नये प्रभारी उपाधीक्षक डॉ गोखुल प्रसाद ने बुधवार को अस्पताल के कार्यभार को संभाल लिया है। कार्यभार संभालने के बाद उन्होंने सभी चिकित्सक एवं चिकित्सा कर्मियों को निर्धारित समय पर अस्पताल में उपस्थित रहने एवं पूरी जिम्मेवारी के साथ मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा का लाभ देने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि कार्य में लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जायेगी। लापरवाही बरतने वाले कर्मियों के विरुद्ध कार्रवाई के लिये वरीय अधिकारियों को लिखा जायेगा। पदभार संभालने के बाद डॉ गोखुल प्रसाद ने कहा कि अस्पताल की लचर व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिये हरसंभव प्रयास किया जायेगा। उन्होंने कहा कि जल्द ही अस्पताल में चार-चार ओपीडी संचालित किया जायेगा। ताकि मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा का लाभ मिल सके। उन्होंने सभी चिकित्सक एवं चिकित्सा कर्मियों से अस्पताल के सफल संचालन में सहयोग करने की अपील की। उस मौके पर कई चिकित्सक एवं चिकित्सा कर्मी मौजूद थे।

## पलामू उपायुक्त के नाम से फिर बना फर्जी व्हाट्सऐप प्रोफाइल, प्रशासन ने किया सतर्क

**मेदिनीनगर।** पलामू के उपायुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत के नाम से दोबारा फर्जी व्हाट्सऐप प्रोफाइल बनाकर कुछ लोगों को संदेश भेजे जाने का मामला सामने आया है। मामले की जानकारी मिलने के बाद जिला प्रशासन ने आम लोगों से सतर्क रहने और ऐसे संदेशों के झांसे में नहीं आने की अपील की है। दरअसल, करीब एक सप्ताह पहले भी उपायुक्त के नाम से फर्जी व्हाट्सऐप प्रोफाइल बनाकर लोगों को संदेश भेजे जाने का मामला सामने आया था। बुधवार को दोबारा ऐसी घटना सामने आने के बाद प्रशासन ने लोगों को विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी है। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि उपायुक्त के नाम से आने वाले किसी भी संदिग्ध व्हाट्सऐप संदेश पर बिना सत्यापन के भरोसा नहीं करें। ऐसे संदेशों के माध्यम से यदि किसी प्रकार की व्यक्तिगत, बैंकिंग या आर्थिक जानकारी मांगी जाती है तो उसे कतई साझा न करें। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि उपायुक्त या जिला प्रशासन के नाम से प्राप्त किसी भी संदिग्ध संदेश की संबंधित कार्यालय से पुष्टि अवश्य करें। साथ ही फर्जी प्रोफाइल से भेजे गए संदेशों के झांसे में आने से बचें और किसी भी प्रकार के आर्थिक लेन-देन से पहले पूरी तरह सत्यापन करें।

### एसडीपीओ ने केतार एवं खरौंधी थाना क्षेत्र के विभिन्न संवेदनशील इलाकों का लिया जायजा

# लगातार हो रही बारिश को देखते हुये पुलिस प्रशासन एलर्ट मोड में

### सोन नदी के बढ़ते जलस्तर एवं संभावित खतरे के प्रति लोगों को किया जागरूक

बंशीधर न्यूज

**श्री बंशीधर नगर :** श्री बंशीधर नगर अनुमंडल में लगातार हो रही बारिश को देखते हुये पुलिस प्रशासन पूरी तरह से एलर्ट मोड में है। सोन नदी से सटे क्षेत्रों में सोन नदी के जलस्तर में हो रही बढ़ोतरी को देखते हुये एसडीपीओ सत्येंद्र नारायण सिंह ने बुधवार को केतार एवं खरौंधी थाना क्षेत्र के अंतर्गत सोन नदी के किनारे स्थित विभिन्न संवेदनशील एवं नदी के नजदीक वाले



स्थानों का भ्रमणकर वस्तुस्थिति का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने स्थानीय लोगों को सोन नदी के बढ़ते जलस्तर एवं संभावित खतरे के प्रति जागरूक किया। एसडीपीओ ने लोगों से नदी के किनारे नहीं जाने, जलधारा में प्रवेश नहीं करने तथा बच्चों को भी नदी के आसपास जाने से रोकने की अपील की। साथ ही उन्होंने लोगों से किसी भी आपात स्थिति में तत्काल पुलिस को सूचना देने की अपील की। उस मौके पर दोनों थाना के थाना प्रभारी मौजूद थे।

प्रभात टुडे नेटवर्क के लिए राधेरमण चौबे द्वारा गुलाब मेमोरियल मार्केट श्री बंशीधर नगर गढ़वा झारखंड से प्रकाशित, प्रधान संपादक-धीरेन्द्र चौबे, संपादक-धर्मेन्द्र कुमार चौबे* फोन : 9471737671, web-www.banshidharnews.com-Email-prabhatodaynetwork@gmail.com, *समाचारों के चयन के लिए पी.आर.बी एक्ट के तहत जिम्मेदार (सभी वादों का निपटारा नगर ऊंटारी अनुमंडलीय न्यायालय के अधीन होगा)